**Terms of Reference**

**Senior Consultant – Certification Cell (Quality Improvement Division)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation.

Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a center of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been a number of personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes. Working with a trans disciplinary team, you can discover, adapt, co- create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion.

For improving Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards were developed under the National Health Mission. For this initiative, NHSRC performs task of the secretariat on behalf of the Ministry of Health & Family Welfare. In the year2013, QA Operational Guidelines and Quality Standards for District Hospitals were launched by the Ministry of Health & Family Welfare. This was followed by development and launch of Quality Standards for Community Health Centres (CHCs) and Primary Health Centres (PHCs), followed by Quality Standards for Urban PHCs in the subsequent years. There is an explicit system of measurement of extent of compliance against each of the National Quality Assurance Standard (NQAS). Each Quality standard has measurable elements and checkpoints.
For implementation of the NQAS, an independent Certification Cell has been created within the Quality Improvement Division for managing NQAS and LaQshya Certification Programmes with the aim of following objectives:

1. To plan the National Assessment of Public Health Facilities under NQAS & LaQshya
2. To review the assessment report for accuracy and completeness
3. To finalize the draft report of assessed health facilities as per the award criteria and provide recommendation to the MoHFW
4. To liaison with MoHFW for assessment findings and certifications.
5. To ensure timely dispatch of all NQAS and LaQshya certificates to the certified facilities.
6. To collect and analyse assessment feedbacks of assessors from the assessed facilities and ensure timely corrective and preventive actions through appeal committee.
7. To share the gap report with the health facility for improving Quality through closing gaps and identifying opportunities for Improvement
8. To monitor the health facility's continued compliance with standards through annual review of Surveillance audit report of the facility

For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a senior consultant in the Certification Cell, QI Division. The incumbent is expected to have good clinical background and excellent writing skills. ***The position requires strong moral and ethical code of conduct with essence of integrity, confidentiality while undertaking the responsibility***

**Roles & Responsibilities:**

- To provide technical support to Certification Cell in developing Policy and Guidelines for Certification of Health Facilities for implementation of National Quality Assurance Programmes (NQAP) and LaQshya.
- To liaison with IT cells/Vendors for developing and updating of IT enabled process for certification activities.
- To monitor & supervise all certification related activities and ensure completion of activities on timely manner.
- To liaison with MoHFW officials, empanelled assessors, QI consultants NHSRC and State Quality Assurance units for effective management of certification cell.
- To provide up to date information about the NQAS and LaQshya certification status as and when required.
- To manage all conflicts and issues pertaining to the certification process and if required raise these conflicts and issues to the appeal committee.
- To supervise all interns, fellows, junior consultants and consultants of certification cell and mentor them to perform the task efficiently.
- To take decisions independently for all certification related process with minimal supervision.
- All other tasks provided by Advisor QI NHSRC.

**Qualification & Experience*:**

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

Essential Qualification –

- Possess a Medical/Dental/ Nursing/Ayush degree from a recognized University
- Two years full-time Masters' Degree (or Equivalent) in Hospital/Health Management/ Public Health from a reputed institute
- 5 Years of post-qualification experience (after MHA) including two years' experience of implementation of Quality Management System (like NQAS, NABH, ISO etc.) in public health facilities at district/State/National level.

Desirable – Preference would be given to following applicants

- MBBS from a MCI recognised Medical College with valid registration
- NQAS External Assessors
- Robust experience of implementation of National Quality Assurance Standards at Districts/State/National level with tangible results
- Published papers (as main author) in Journals of repute

<u>Incumbent is expected to have excellent writing skills, for which a screening test may be administered.</u>

**Qualification may be relaxed for deserving candidates.*

**Note-**

- Only shortlisted candidates will be called for an interview
- The candidates may be subjected to written test and presentation to judge their writing skills and language proficiency

**Age Limit:** 55 Years* (As on last date of receiving applications)

**Location:** New Delhi with extensive travel to states and districts.

**Remuneration Range:** 90,000/- to Rs. 1, 50,000/- per month

***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.***

**Other Benefits:** In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance ,Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Initial Contract till 31st March 2023 (with further extension subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **10th January 2022.**

## संदर्भ शर्तें
## सीनियर कनसल्टेंट – प्रमाणन प्रकोष्ठ (गुणवत्ता सुधार प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत स्वायत्त पंजीकृत संस्था है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना और उनकी क्षमता निर्माण में मदद करना है। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन और मूल्यांकन के लिए योगदान करने का भी जनादेश प्राप्त है।

वर्ष 2006 में आरंभ से ही एनएचएसआरसी अपने एजेंडे के लिए ज्ञान का भंडार और उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। इस संगठन के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संलग्न अनेक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ व्यावसायिक संबंध हैं। ऐसे अनेक व्यक्ति हैं जिन्होंने एनएचएसआरसी के साथ कार्य किया और अमूल्य अनुभव प्राप्त किया जिससे पेशेवर मंजिल की अगली सीढ़ी पर छलांग लगाने में सक्षम हुए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ कार्य करने के व्यापक अवसरों के साथ एनएचएसआरसी की प्रक्रियाएं इसकी अनूठी विशेषताएं हैं।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सृजन के साथ उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान की जाने वाली देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक विकसित किए गए हैं। इस पहल के लिए एनएचएसआरसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सचिवालय का कार्य करता है। वर्ष 2013 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिला अस्पतालों के लिए क्यूए परिचालन दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानक जारी किए। इसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के लिए गुणवत्ता मानक विकसित और जारी किए गए। तदुपरांत बाद के वर्षों में शहरी पीएचसी के लिए गुणवत्ता मानक विकसित और जारी किए गए। प्रत्येक राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के लिए अनुपालन की सीमा के मापन की स्पष्ट प्रणाली है। प्रत्येक गुणवत्ता मानक में मापनयोग्य तत्व और जांचबिंदु हैं।

एनक्यूएएस के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाणन कार्यक्रमों के प्रबंधन के लिए गुणवत्ता सुधार प्रभाग के अंदर स्वतंत्र प्रमाणन प्रकोष्ठ सृजित किया गया है :–

1. एनक्यूएएस और लक्ष्य के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों के राष्ट्रीय मूल्यांकन की योजना बनाना
2. सटीकता और सम्पूर्णता के लिए मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा करना
3. संदर्भित मानदंड के अनुसार मूल्यांकित स्वास्थ्य केंद्रों की मसौदा रिपोर्ट को अंतिम रूप देना और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सिफारिश उपलब्ध कराना
4. मूल्यांकन के निष्कर्षों और प्रमाणन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ संपर्क करना
5. प्रमाणित केंद्रों के लिए सभी एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाणपत्रों समय से प्रेषण सुनिश्चित करना
6. मूल्यांकित केंद्रों से मूल्यांकनकर्ताओं का फीडबैक एकत्र करना और मूल्यांकन का विश्लेषण करना तथा समय से सुधार और अपील समिति के माध्यम से निवारक कार्रवाई सुनिश्चित करना
7. अंतर दूर करने और सुधार के लिए अवसरों की पहचान करने के माध्यम से गुणवत्ता सुधारने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के साथ अंतर रिपोर्ट साझा करना
8. स्वास्थ्य केंद्र की निगरानी ऑडिट रिपोर्ट की वार्षिक समीक्षा के माध्यम से मानकों का स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा निरंतर अनुपालन की निगरानी करना

उपर्युक्त उल्लेखित कार्यों में समर्थन के लिए, एनएचएसआरसी क्यूआई डिविजन के प्रमाणन प्रकोष्ठ में सीनियर कनसल्टेंट नियुक्त करने का इरादा रखता है। आवेदक से अच्छी क्लीनिकल पृष्ठभूमि और उत्कृष्ट लेखन कौशल धारण करने की आशा की जाती है। **इस पद के लिए जिम्मेदारी को समझते हुए सत्यनिष्ठा, गोपनीयता के तत्व के साथ सशक्त सदाचार एवं नैतिक आचार संहिता की अपेक्षा की जाती है।**

भूमिकाएं और जिम्मेदारियां :

- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम (एनक्यूएपी) और लक्ष्य के कार्यान्वयन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों के प्रमाणन के लिए नीति और दिशानिर्देश विकसित करने में प्रमाणन प्रकोष्ठ को तकनीकी समर्थन उपलब्ध कराना
- प्रमाणन गतिविधियों के लिए आईटी इनेबल्ड प्रोसेस विकसित करने और अद्यतन के लिए आईटी प्रकोष्ठ/वेंडर्स के साथ संपर्क करना
- प्रमाणन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी और पर्यवेक्षण करना तथा समयबद्ध ढंग से गतिविधियों को पूरा किया जाना सुनिश्चित करना
- प्रमाणन प्रकोष्ठ कि प्रभावी प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, पैनल में शामिल मूल्यांकनकर्ताओं, क्यूआई कनसल्टेंट्स एनएचएसआरसी और राज्य गुणवत्ता आश्वासन इकाइयों के साथ संपर्क रखना
- आवश्यकता होने पर एनक्यूएएस और लक्ष्य प्रमाणन स्थिति के बारे में अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना
- प्रमाणन प्रक्रियाओं से संबंधित सभी विवादों और मुद्दों का प्रबंधन करना और यदि आवश्यक हो तो इन विवादों और मुद्दों को अपील समिति के समक्ष उठाना
- सभी इंटर्न, फेलो जूनियर कनसल्टेंट्स और प्रमाणन प्रकोष्ठ के कनसल्टेंट्स का पर्यवेक्षण करना और दक्षतापूर्वक कार्य करने के लिए उनका मार्गदर्शन करना
- मामूली पर्यवेक्षण के साथ प्रमाणन संबंधी सभी प्रक्रियाओं के लिए स्वतंत्र रूप से निर्णय लेना
- सलाहकार क्यूआई एनएचएसआरसी द्वारा उपलब्ध कराए गए अन्य कार्य करना

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव' :**

उपर्युक्त उल्लेखित प्रदेय हासिल करने के लिए, आवेदक से निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव धारण करने की आशा है –

**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता –**

1. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मेडिकल/डेंटल/नर्सिंग/आयुष उपाधि

2. प्रतिष्ठित संस्थान से अस्पताल प्रशासन / अस्पताल प्रबंधन / सार्वजनिक स्वास्थ्य में दो वर्ष की पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर उपाधि (या समकक्ष)

3. जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (जैसे एनक्यूएएस, एनएबीएच, आइएसओ इत्यादि) के कार्यान्वयन के दो वर्ष के अनुभव सहित शैक्षिक योग्यता के उपरांत 5 वर्ष का अनुभव ( एमएचए के बाद )
4. वांछनीय – निम्नलिखित आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी –

- वैध पंजीकरण के साथ एमसीआई मान्यताप्राप्त मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस
- एनक्यूएएस बाहरी मूल्यांकनकर्ता
- वास्तविक परिणामों के साथ जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के कार्यान्वयन का ठोस अनुभव
- प्रतिष्ठित जर्नल्स में प्रकाशित पेपर्स (मुख्य लेखक के रूप में )

आवेदक से उत्कृष्ट लेखन कौशल की अपेक्षा की जाती है जिसके लिए परीक्षा ली जा सकती है।

' योग्य उम्मीदवारों को शैक्षिक योग्यता में छूट दी जा सकती है

**नोट –**

1. केवल छंटनी किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा
2. उम्मीदवारों के ज्ञान, लेखन कौशल और भाषाई प्रवीणता का निर्णय करने के लिए लिखित एवं प्रस्तुति की परीक्षा ली जा सकती है।

**आयु सीमा** : 55 वर्ष ' (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को )

**कार्य का स्थान** : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों की गहन यात्रा के साथ

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 90,000/– से रु. 1,50,000/– प्रति महीना

**'इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी**

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से अनुमोदन लंबित), मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन

**अनुबंध की अवधि** : शुरू में 31 मार्च, 2023 (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन विस्तार)

इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (ीजजचरूध्ध्दीतबपदकपं.वतह) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **10th January 2022** है।